संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 01 | मेरठ, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 | पृष्ठ: 04 | मूल्य : एक रूपया



# प्रो. गोबर्धन दास की विशेषज्ञता से मजबूत होगी नीति निर्माण प्रक्रिया: मोदी

» एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह नीति आयोग के नए पूर्णकालिक सदस्य प्रो. गोबर्धन दास से मुलाकात की। पीएम मोदी ने उनकी जीवन यात्रा को प्रेरणादायक बताया और सार्वजनिक स्वास्थ्य व इम्यूनोलॉजी में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रो. दास की विशेषज्ञता से नीति निर्माण की प्रक्रिया और मजबूत होगी और देश को नई दिशा मिलेगी।

इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आज सुबह प्रो. गोबर्धन दास जी से मुलाकात हुई। उनका निजी जीवन सफर बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने जिन भी संघर्षों का सामना किया, उनसे समाज की सेवा करने और उसे कष्टों से मुक्त करने का उनका संकल्प और भी मजबूत हुआ। यह बात सार्वजनिक स्वास्थ्य और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में उनके योगदान में साफ झलकती है। उनका समृद्ध कार्य और विद्वत्ता हमारी नीति-निर्माण की रूपरेखा को और भी समृद्ध बनाएगी।"

नीति आयोग के नए सदस्य बनने के बाद प्रो. गोबर्धन दास ने 25 अप्रैल को एक इंटरव्यू में देश के विकास और क्षेत्रीय पुनर्जीवन को लेकर अपना विस्तृत रोडमैप साझा किया था। उन्होंने साफ कहा था कि उनका लक्ष्य सिर्फ एक पद संभालना नहीं है, बल्कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को आगे बढ़ाना है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा है। प्रो. दास ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह सिर्फ उनके लिए नहीं बल्कि पूरे बंगाली समुदाय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ देश के विकास में योगदान देंगे।

अपने गृह राज्य पश्चिम बंगाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य महान विचारकों और विभूतियों की भूमि रहा है। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, सुभाष चंद्र बोस, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और वैज्ञानिक मेघनाद साहा जैसे महान नामों का उल्लेख किया और कहा कि बंगाल को अक्सर 'सोनार बांग्ला' कहा जाता है। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि आज के समय में पश्चिम बंगाल में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति उतनी मजबूत नहीं है, जितनी होनी चाहिए। इसी वजह से कई लोगों को रोजगार और बेहतर सेवाओं के लिए दूसरे राज्यों की ओर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बदलने की जरूरत है और नीति आयोग इस अंतर को कम करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

प्रो. दास ने आगे कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने के लिए 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को नीति निर्माण की नींव बनाना जरूरी है। उन्होंने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे देश ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर अपनी वैज्ञानिक क्षमता साबित की।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका फोकस सिर्फ आर्थिक विकास पर नहीं, बल्कि समग्र विकास पर रहेगा, जिसमें रोजगार, उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करना शामिल है। उनका लक्ष्य है कि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे और कोई भी पीछे न छूटे।

## अधिकारी संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं का कराएं निराकरण



» एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा।

'जनता दर्शन' में आए कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जनपद में किसी अधिकारी से मिलकर आपने समस्या बताई? पता चला-नहीं, इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा कि चॉकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दिया। चॉकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

## 'एक आदमी गलत हो सकता है, लेकिन सात लोग नहीं': राघव चड्ढा

» एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इस फैसले के बाद से लगातार उन पर कई सवाल उठ रहे थे। कुछ लोग उन्हें शुभकामनाएं दे रहे थे तो कुछ उनके फैसले के पीछे के कारण जानना चाहते थे। इन सवालों का जवाब देने के लिए राघव चड्ढा ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। राघव चड्ढा ने वीडियो में कहा कि पिछले तीन दिनों से उनके पास ढेर सारे मैसेज आ रहे हैं। ज्यादातर लोग उन्हें बेस्ट विशेस और बधाई दे रहे हैं, जबकि कुछ लोग उनके इस बड़े फैसले के पीछे क्या वजहें हैं, ये जानना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने यह वीडियो उन सभी के लिए बनाया है, जिन्होंने शायद उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी नहीं देखी। उन्होंने बताया कि राजनीति में आने से पहले वह एक प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। उनके सामने एक बहुत अच्छा करियर था, लेकिन उन्होंने उस करियर को छोड़कर राजनीति में कदम रखा। उन्होंने कभी करियर बनाने के लिए राजनीति नहीं की। बल्कि वे आम आदमी पार्टी के फाउंडिंग मेंबर बने और उस पार्टी को अपने युवा दिनों के पूरे 15 साल दिए।

## केजरीवाल संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे: रामवीर सिंह

» एजेंसी। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल पर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जनता में भ्रम फैलाने की असफल कोशिश कर रहे हैं, जिसे अब लोग समझ चुके हैं। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा को पत्र लिखकर न्यायिक प्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, जो पूरी न्याय व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति असम्मान बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली शराब मामले में अंतिम निर्णय अभी आना बाकी है, लेकिन केजरीवाल खुद को निर्दोष मानकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। अदालत में पेश होने से इनकार करना भी इसी दिशा में एक कदम है।

## राघव चड्ढा 'जाने के लिए स्वतंत्र थे, षड्यंत्र रचना सही नहीं' : सौरभ

» एजेंसी। नई दिल्ली




'आप' छोड़कर राघव चड्ढा सहित अन्य सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राघव चड्ढा को भाजपा के साथ मिलकर षड्यंत्र नहीं रचना चाहिए था। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो जारी कर कहा कि राघव चड्ढा स्वतंत्र हैं। वो किसी भी पार्टी में जा सकते हैं, लेकिन जिस तरह से गए हैं, वो नहीं करना चाहिए था। भारद्वाज ने कहा कि राघव ने एक बयान में कहा था कि लोग जैसे नौकरी बदलते हैं, वैसे मैंने पार्टी बदल ली है। मैं इस पर कहना चाहता हूं कि लोग नौकरी बदलने के पहले नोटिस देते हैं। उन्होंने कहा कि यह वैसा नहीं है, लेकिन जब लोग नौकरी बदलते हैं, तो वे अपनी मौजूदा कंपनी के खिलाफ साजिश नहीं करते हैं, लेकिन राघव चड्ढा यहां साजिश रच रहे हैं। उनको इस तरह काम नहीं करना चाहिए, उन्होंने इतने साल इस पार्टी में दिया है, उसके बारे में कुछ सोचना चाहिए। एक साल से अधिक समय तक, राघव ने भाजपा की सेंट्रल गवर्नमेंट के साथ मिलकर एक ऐसे युवा पॉलिटिशियन की न्यूट्रल इमेज बनाने की साजिश की, जो मिडिल क्लास के मुद्दे उठाता है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राघव चड्ढा के ऊपर जब ईडी का शिकंजा कसने लगा, तभी मन बना लिया था कि भाजपा ज्वाइन कर लेंगे नहीं तो ईडी हमें फंसा सकती है। राघव ने पार्टी में ये बात किसी को बताई नहीं थी और पार्टी के साथ गलत किया है, जबकि पार्टी ने हमेशा उनके हित में काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही राघव चड्ढा को सलाह दी थी कि आप ऐसे मुद्दे उठाओ, जिस पर हमको काम करना है और इस मुद्दे की वजह से आप युवाओं के चहेते भी हो जाओगे, जिससे आने वाले समय में पार्टी को फायदा होगा। जब राघव चड्ढा अपने मुद्दे उठाते थे तो कोई भी भाजपा का सांसद बोल सकता था कि ये काम सरकार कर रही है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और राघव के साथ मिलकर भाजपा ने काम किया। राघव चड्ढा जब चाहते तब पार्टी छोड़ सकते थे, लेकिन जिस पार्टी ने आपको सब कुछ दिया, आपने उसी के खिलाफ साजिश रची है। ये सही नहीं है।

## भाजपा वादे भूलकर तोड़फोड़ की राजनीति में व्यस्त : कुलदीप भाटी

» एजेंसी। नई दिल्ली

रामनगर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप भाटी ने भारतीय जनता पार्टी पर अन्य दलों में तोड़फोड़ की राजनीति करने और जनता से किए वादों को भूलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देश ने हाल ही में देखा कि आम आदमी पार्टी के कई राज्यसभा सदस्य पाला बदलकर भाजपा में शामिल हो गए, जो राजनीतिक नैतिकता पर सवाल खड़े करता है। कुलदीप भाटी ने कहा कि जो नेता पहले भाजपा की आलोचना करते थे, वही अब उसके साथ खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने अपने शासन के दौरान किए वादों को पूरा नहीं किया और अब भाजपा भी उसी राह पर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकारें घोषणाएं तो करती हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने की स्पष्ट योजना नहीं बतातीं।

## सम्पादकीय

# कॉमेडियनों को धमकाना निंदनीय कृत्य

आज सूचना क्रांति और सोशल मीडिया के दौर में पूरी दुनिया में गहरे तंज करती डिजिटल सामग्री का उफान है। जो दुनिया की भौगोलिक सीमाओं और सत्ता के शिकंजे से मुक्त होकर स्वतंत्र प्रवाह लिए हुए है। लेकिन इसके बावजूद देश में स्टैंडिंग कॉमेडियनों और व्यंग्यकारों के लिए राजनेताओं पर व्यंग्य करना तलवार की धार पर चलने जैसा बना हुआ है। 'नाक पर मक्खी न बैठने देने' वाले सत्तारूढ़ राजनेता कॉमेडियनों पर शिकंजा कसने को तैयार बैठे होते हैं। इसी कड़ी में हैदराबाद के कॉमेडियन शरत उदय के बेंगलुरु स्थित स्टैंड-अप शो में शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी यानी टीडीपी के समर्थकों के एक समूह ने मंच पर आकर जो उत्पात मचाया, निस्संदेह वह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। टीडीपी के समर्थकों ने मंच पर आकर उन्हें तेलुगु देशम पार्टी के नारे लगाने को बाध्य किया। इस हुड़दंग से यह कार्यक्रम बाधित हो गया। इसके चलते न केवल उदय को अपना कार्यक्रम रोकना पड़ा, बल्कि एक बार फिर माफी मांगनी पड़ी। दरअसल, दो साल पहले उदय के व्यंग्यात्मक चुटकुलों के जरिये आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे राज्य मंत्री नारा लोकेश को लक्षित किया गया था। निस्संदेह, यह अभिव्यक्ति व रचनात्मकता पर अंकुश लगाने का कुत्सित प्रयास ही कहा जाएगा। सही मायनों में यह घटनाक्रम हास्य-व्यंग्यपूर्ण असहमति के प्रति बढ़ती असहनशीलता का एक और उदाहरण है। गाहे-बगाहे विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दलों द्वारा ऐसी अलोकतांत्रिक प्रतिक्रियाएं सामने आती ही रहती हैं। जबकि हकीकत यह है कि हास्य का संसार बड़े लोगों की सहिष्णुता व उदारता से ही फलता -फूलता है। खासकर उस भारतीय समाज में जहां अकसर कबीरदास की यह उक्ति दोहरायी जाती है – 'निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय। बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।' उनका कहना था कि आलोचक हमारी कमियां बताकर हमारे स्वभाव को शुद्ध और निर्मल बना देते हैं। सही मायनों में व्यंग्य व हास्य इंसान की सहज अभिव्यक्ति के तौर पर लिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से यदि हमारे राजनेता व बड़े लोग व्यंग्य या आलोचना को सहजता से लेते हैं तो इससे समाज में हास्य-विनोद भरपूर फलता-फूलता है। विशेष रूप से राजनीतिक व्यंग्य भारत में लंबे समय तक सत्ता को आईना दिखाता रहा है। पंडित नेहरु जैसे नेता कार्टूनिस्टों की तल्ख अभिव्यक्ति को सहजता से लेते थे और व्यंग्यकारों का सम्मान करते थे। धीर-गंभीर राजनेता आलोचना को जनता की नसीहत मानते रहे हैं। कालांतर राजनेताओं की इस सोच में पराभव देखा गया है।

# 27 में आठों विस पर जीत दर्ज करेगी सपा : हनी फैसल

» संवाददाता



बिजनौर। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का स्वागत समारोह बड़ी शानो-शौकत के साथ आयोजित किया गया। समारोह के दौरान हनी फैसल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिम्मेदारी सौंपी। इस पर सोमवार को नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में सपा सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जिम्मेदारी निभाऊंगा। युवाओं को पार्टी से जोड़कर, सभी को साथ लेकर एकजुटता और कड़ी मेहनत के साथ 2027 में जनपद की सभी आठों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगी।

कार्यक्रम में जनपद के सभी नेताओं व कार्यकतार्ओं ने नए जिला अध्यक्ष हनी फैसल का फूल- मालाओं से स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए नूरपुर विधायक रामावतार सैनी, नजीबाबाद विधायक हाजी तस्लीम, नगीना विधायक मनोज पारस और पूर्व जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने हनी फैसल को बधाई दी। सभी वक्ताओं ने आशा व्यक्त की कि नए जिला अध्यक्ष संगठन को और मजबूत बनाकर 2027 में जनपद में सपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। अपने संबोधन में हनी फैसल ने बताया कि उन्होंने 2002 में हाजी तस्लीम के चुनाव के दौरान सपा से जुड़कर राजनीतिक सफर शुरू किया था और तब से लगातार पार्टी के साथ हैं।

उन्होंने सभी कार्यकतार्ओं से एकजुट रहकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के मिशन को आगे बढ़ाने की बात कही। लखनऊ से लौटते हुए हनी फैसल के शहर पहुंचने पर नूरपुर रोड, कृष्ण कॉलेज, रामलीला चौराहा, जानी का चौराहा, विदुर कुटी रोड, शास्त्री चौक और जजी चौक पर कार्यकतार्ओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन व संचालन युवा नेता सुहैल वाकर और पप्पू अखलाक ने संचालन किया। इस अवसर पर सपा नेता अनुज मलिक, चौधरी आदित्य वीर सिंह, अजीम जेदी, राधा सैनी, मदन सैनी, कमलेश भूईयार, सतपाल सिंह, धनंजय यादव, बीके कश्यप, बहादुर अंसारी, मुस्तकीम सभासद, ठाकुर योगेंद्र सिंह, जावेद सईद, उस्मान खान, केसर अली,सुरेंद्र वाल्मीकि, जगविंदर चौधरी, श्लोक पवार व अहमद खिजर खान आदि उपस्थिति रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



» संवाददाता

बागपत। कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें डीएम अस्मिता लाल ने विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं, स्मार्ट क्लास संचालन एवं टीकाकरण अभियान को संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास नियमित चलाने और बागपत व बड़ौत क्षेत्र के विद्यालयों में चल रही संगीत कक्षाओं को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन की स्थिति की जानकारी ली। जिले में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त 2710 आवेदनों में से 1240 का चयन किया गया, जिनमें से 935 विद्यार्थियों का प्रवेश कराया जा चुका है। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में निर्धारित 19 मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं पूरी करने और प्रत्येक विद्यालय में इनवर्टर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भी शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो। बैठक में एचपीवी ('ूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान पर विशेष जोर दिया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. सुरुचि शर्मा ने बताया कि जिले को 15,800 किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका लगाया जा रहा है, जो भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में सहायक है। जिलाधिकारी ने टीकाकरण के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बावली, बड़ौत सहित अन्य विद्यालयों में अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# भीम आर्मी का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

» संवाददाता

बागपत। कलक्ट्रेट में सोमवार को भीम आर्मी ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष चमन कंडेरा और एडवोकेट राजकुमार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में थाना रमाला पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगो ने पुलिस पर नाबालिग के साथ मारपीट, मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न और एक अन्य मामले में निष्पक्ष कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। डीएम को दो अलग-अलग समस्याओं से जुड़े ज्ञापन सौंपे। असारा गांव की एक किशोरी ने आरोप लगाया है कि पुलिस जांच के लिए उसके घर पहुंची थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उसकी मां के साथ अभद्रता की। जब उसने विरोध किया, तो उसे थप्पड़ मारकर गिरा दिया गया।

पीड़िता का आरोप कि उसके साथ थाने पर मारपीट और दुव्र्यवहार किया गया। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ भाई को भी पुलिस ने प्रताड़ित किया। दूसरे शिकायती पत्र में रमाला थाना क्षेत्र की एक युवती ने गांव के ही एक व्यक्ति पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पुलिस पर आरोप लगाया कि उसके पति से जबरन अंगूठा लगवाकर गलत मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एडीएम मौके पर पहुंचे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में किसानों की बैठक

» संवाददाता

बागपत। दाहा गांव में सोमवार को विधुत विभाग द्वारा लगा जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में किसानों की बैठक हुई। बैठक में ब्रहमपाल सिंह ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद विधुत विभाग के कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगा रहे है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसानों का गन्ना भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। विकास राणा के आवास पर ग्रामीणों की बैठक में ब्रहमपाल सिंह ने कहा कि विधुत विभाग द्वारा कोर्ट व सरकार के आदेश के बाद स्मार्ट मीटर लगाने कार्य किया जा रहा है।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में किसानों की बैठक

» संवाददाता

दाहा। विधुत विभाग द्वारा लगा जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में किसानों की बैठक हुई। बैठक में ब्रहमपाल सिंह ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद विधुत विभाग के कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगा रहे है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसानों का गन्ना भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। विकास राणा के आवास पर ग्रामीणों की बैठक में ब्रहमपाल सिंह ने कहा कि विधुत विभाग द्वारा कोर्ट व सरकार के आदेश के बाद स्मार्ट मीटर लगाने कार्य किया जा रहा है। जिससे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## शांति देवी कॉलेज मे बौद्धिक सभा का आयोजन

» संवाददाता

बागपत। फजलपुर गांव के शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में बौद्धिक सभा का आयोजन हुआ। जिला मंत्री रवि शास्त्री ने कहा कि यदि बड़ी बड़ी डिग्रियां प्राप्त करके हम उस विद्या का सदुपयोग करते हैं, दूसरों के दुख दूर करते हैं, सुख भी देते हैं, तब तो आपकी डिग्री मूल्यवान एवं सार्थक है।

# जनमित्र पुलिसिंग को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम: पुलिस आयुक्त

» संवाददाता

गाजियाबाद। कमिश्नरेट पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी, आधुनिक और जनहितकारी बनाने की दिशा में गाजियाबाद पुलिस लगातार अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में थाना कविनगर भवन का पुनर्विकास कर उसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अजीतपाल त्यागी, पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने संयुक्त रुप से सोमवार को किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड के निर्देशन में तैयार किए गए नवीनीकृत थाना कविनगर को आधुनिक तकनीक, जनसुलभ सेवाओं और नागरिक सुविधा को केंद्र में रखकर विकसित किया गया है। थाना परिसर में बनाए गए आधुनिक प्रतीक्षालय में आरामदायक बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण, बेहतर प्रकाश एवं वेंटिलेशन, डिजिटल सूचना डिस्प्ले, पेयजल सुविधा, दिव्यांगजन रैंप और सुव्यवस्थित मार्गदर्शन प्रणाली उपलब्ध कराई गई है, जिससे आने वाले नागरिकों को सम्मानजनक और सहज अनुभव मिल सके। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं बल्कि नागरिकों को भरोसेमंद और संवेदनशील पुलिसिंग उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि थाना कविनगर का यह मॉडल भविष्य में अन्य थानों के आधुनिकीकरण की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष के अंत तक सभी थानों और अगले वर्ष पुलिस चौकियों को भी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। थाने में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से विकसित किया गया है।

# नगर निगम का सदन बना रणक्षेत्र

» संवाददाता

गाजियाबाद। नगर निगम की सोमवार को आयोजित बोर्ड बैठक हंगामे, आरोप-प्रत्यारोप और तीखी राजनीतिक नोकझोंक के चलते जंग के अखाड़े में तब्दील हो गई। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक उस समय विवादों में घिर गई, जब महापौर सुनीता दयाल की एक टिप्पणी पर भाजपा पार्षद राजीव शर्मा सदन के भीतर ही धरने पर बैठ गए। नगर निगम सभागार में सुबह 11 बजे बोर्ड बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन पार्षदों का कोरम पूरा न होने के कारण बैठक करीब आधा घंटा देरी से शुरू हो सकी। महापौर ने वंदे मातरम गान के साथ बैठक की औपचारिक शुरुआत कराई। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, चीफ इंजीनियर एन.के. चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज कुमार सिंह सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी और 50 से अधिक पार्षद मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही शुरू होते ही माहौल गरमा गया। नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने नामित पार्षदों को सम्मान न मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नामित पार्षदों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इस पर महापौर ने विषय को बाद में लेने की बात कही, जिस पर कई पार्षदों ने आपत्ति जताई और सदन में शोर-शराबा शुरू हो गया। विवाद उस समय चरम पर पहुंच गया जब चर्चा के दौरान महापौर ने भाजपा पार्षद राजीव शर्मा को टोकते हुए "बकवास बंद करो" कह दिया। इस टिप्पणी से नाराज राजीव शर्मा तुरंत अपनी सीट से उठे और नगर निगम अधिनियम की पुस्तक हाथ में लेकर महापौर के सामने धरने पर बैठ गए।

# एक दिवसीय लोकोत्सव: साहित्यिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। सुभारती विवि के भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, एवं उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, लखनऊ (उ.प्र.) के संयुक्त तत्त्वावधान में आज "एक दिवसीय लोकोत्सवः साहित्यिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम" का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष, भाषा विभाग डॉ. सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोक कला, लोक साहित्य, लोक संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है।



यह आयोजन भारतीय लोक परंपराओं की समृद्ध विरासत को समझने, संरक्षित करने तथा समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, लखनऊ (उ.प्र.) की ओर से प्रतिनिधि के रूप में वैभव ने बताया कि लोक संस्कृति किसी भी समाज की आत्मा होती है। लोक परंपराएँ केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक मूल्यों और ऐतिहासिक चेतना की जीवंत अभिव्यक्ति हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने तथा भारतीय संस्कृति के मूल स्वरूप को समझने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान निरंतर लोक कला, लोक साहित्य और जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत है तथा इस प्रकार के आयोजन सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में साहित्यिक संगोष्ठी एवं वैचारिक परिचर्चा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रो. कुसुमलता मलिक द्वारा "उत्तर प्रदेश की संस्कृति : विश्व संस्कृति का आधार" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान, सुश्री सुनंदा वर्मा द्वारा "Folk Culture: The Story of 'Us'" विषय पर वक्तव्य तथा डॉ. विमलेश कान्ति वर्मा द्वारा "लोक की अवधारणा और अभिव्यक्ति के विविध आयाम" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित होंगी, जिनका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से होगा। इसके उपरांत गौरव साहा एवं उनके समूह द्वारा "लोक में राम" विषय पर नृत्य प्रस्तुति, सुखबीर सिंह एवं उनके समूह द्वारा अलगोझा वादन (लुप्तप्राय लोक वाद्य), सुश्री रंजना नेब एवं उनके समूह द्वारा "लोक में कृष्ण" नृत्य प्रस्तुति, सुश्री नीता गुप्ता एवं उनके समूह द्वारा लोक संगीत गायन (संस्कार गीत) तथा शीशपाल एवं उनके समूह द्वारा हरियाणवी लोक नृत्य एवं घूमर प्रस्तुत किया जाएगा।

## मोहिनी एकादशी पर श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार

» संवाददाता

मेरठ। खाटू श्याम बालाजी सालासर साईं मंदिर में मोहिनी एकादशी पर सोमवार को श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार और आरती का आयोजन किया गया। अनिल गोयल ने बताया कि एक माह में दो एकादशी होती हैं, लेकिन इस वर्ष कुल 26 एकादशी पड़ रही हैं। मोहिनी एकादशी का महत्व बताते हुए कहा कि समुद्र मंथन के दौरान निकले 14 रत्नों में से अमृत कलश को लेकर देवताओं और दानवों के बीच संघर्ष हुआ था। तब भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर अमृत देवताओं में वितरित किया। इस दौरान राहु केतु भी देवताओं की पंक्ति में बैठकर अमृत ग्रहण कर अमर हो गए। इस कारण इस एकादशी को अमृत एकादशी भी कहा जाता है। शोभा त्यागी और रतनलाल ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर कीर्तन का शुभारंभ किया। नीरज सांवरिया ने भजन प्रस्तुत कर श्याम बाबा का आह्वान किया। मुकेश पांडे, अनिल शर्मा, अखिल गोयल, रतनलाल, श्याम कोहली, दीपक कुमार मौजूद रहे।

## स्कूल चलो मिशन से जरूरतमंद बच्चों को मिला स्कूल का रास्ता - अंजु



» संवाददाता

मेरठ। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन स्कूल शिक्षा और साक्षरता के अंतर्गत बेटियाँ फाउंडेशन द्वारा स्कूल चलो अभियान एक दशक से चलाया जा रहा है जिसके कारण जरूरतमंद बच्चों को स्कूल का रास्ता मिला है।

संस्था द्वारा संत देवाश्रम, संत रविदास गुरुकूल, अंबेडकर शिक्षा सदन स्कूलों में 9 बच्चों के एडमिशन फीस, किताबें व अन्य बच्चों को 540 कॉपी, स्टेशनरी, सॉक्स, यूनीफॉर्म व पढ़ाई से संबंधित जरूरत का सामान दिया गया। ताकि बच्चों की पढ़ाई मे कोई रुकावट न आये। सभी स्कूल प्रिंसिपल ने संस्था का आभार व्यक्त किया और भविष्य मे सहयोग करते रहने की इच्छा व्यक्त की। संस्था सदस्यों गीता, कुसुम शर्मा, अमिता अरोड़ा, नीरा गुप्ता, लक्ष्मी बिंदल, शिव कुमारी गुप्ता, कुसुम मित्तल जी का सहयोग रहा। अध्यक्ष अंजु पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के अधिकार को साकार करने की दिशा में स्कूल चलो मिशन के अंतर्गत संस्था द्वारा इस अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों में वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों का नामांकन कराया गया, जिससे वे मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ सकें, केवल प्रवेश ही नहीं, बल्कि बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा।

## ज़ोनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। सीआईएससी ज़ोनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप (ब्वॉयज एंड गर्ल्स 2026) सोमवार से सोफिया गर्ल्स स्कूल में शुरू हुई। दो दिवसीय इस चैंपियनशिप में पहले दिन सोफिया गर्ल्स स्कूल और सेंट मैरी एकेडमी के खिलाड़ियों ने धमाल मचाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कर्नल राकेश शर्मा ने किया।

प्रतियोगिता में मेरठ के अलावा शामली, नगीना, बागपत और खतौली की टीमों सहित कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें 11 टीमें गर्ल्स और 21 टीमें ब्वॉयज की हैं। मेरठ से सोफिया और सेंट मैरी एकेडमी के अलावा सेंट थॉमस, आरके एकेडमी, सेंट फ्रांसिस और सेंट पैट्रिक की टीमें भागीदारी कर रही हैं। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों ने मार्च पास्ट किया। सोफिया गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर मीना ने सभी टीमों का परिचय प्राप्त कर उनका स्वागत किया। पहले दिन सोफिया गर्ल्स स्कूल और सेंट मैरी एकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव मिर्ज़ा शाहबाज बेग, बास्केटबॉल कोच अदन मिर्ज़ा, सिस्टर सुपीरियर सीमा, वाइस प्रिंसिपल रीना, सिस्टर प्राइमरी इंचार्ज विनीता और केजी इंचार्ज सिस्टम अंजना सहित विभिन्न स्कूलों का स्टाफ मौजूद रहा।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान का पूजा-अर्चना के साथ समापन

» संवाददाता

मेरठ। श्री दिगंबर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का सोमवार को पूजा अर्चना के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने जाप अनुष्ठान व भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की। शांतिधारा राकेश जैन, आलोक जैन, वीरेंद्र जैन, सुमन जैन ने किया। समस्त श्रद्धालुओं ने शांतिधारा में सहयोग किया तथा मंत्रों का शांति के साथ श्रवण किया।

मुनि भाव भूषण महाराज ने कहा कि यह विधान सर्वाधिक श्रद्धात्मक विधान है। इस विधान में शब्द ब्रह्म की आराधना की गई है, जिसमें प्रथम शब्द ही अर्हम कहा गया है। जिसमें आ से लेकर ह तक के शब्द ब्रह्म की आराधना की गई है। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ने सर्वप्रथम अपनी पुत्रियों ब्राह्मी और सुंदरी को अंक कला एवं अक्षर कला का ज्ञान दिया। इसी कारण आज भी ब्राह्मी लिपि सबसे प्राचीन मानी गई है। जो धीर पुरुष वैराग्य सहित है वह अल्प समय में ही ज्ञान को प्राप्त कर लेता है। किंतु वैराग्य शून्य मनुष्य सर्व शास्त्र को पढ़कर भी मोक्ष नहीं प्राप्त कर सकते वीतरागता को प्राप्त करने के लिए चरित्र आवश्यक है। अंत में श्रद्धालुओं ने जिनेन्द्र भगवान की आराधना करते हुए हवन की मांगलिक क्रियाओं को संपन्न किया। सांयकाल में भगवान की आरती की गई और रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

## ताइक्वांडो में के खिलाड़ियों ने जीते 26 पदक

» संवाददाता

मेरठ। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल का नाम जिले में रोशन किया है। छात्र-छात्राओं ने दिल्ली ग्लोबल स्कूल, मेरठ में 25-26 अप्रैल को आयोजित इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 पदक जीते, जिनमें 10 स्वर्ण, पांच रजत व 11 कांस्य शामिल हैं। स्कूल के डायरेक्टर प्रीतीश कुमार सिंह, मैनेजर शाल्विक जैन, शिवानी जैन, प्रधानाचार्य डॉ. रोहित मेहरा ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## लोगों को सुविधा उपलब्ध कराएं, असुविधा नहीं : हरिकांत

» संवाददाता

मेरठ। नगर निगम का जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग लाइलाज हो गया है। लोगों की शिकायतों का संज्ञान लेकर मेयर हरिकांत अहलूवालिया ने अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी के साथ सोमवार को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग की कार्यप्रणाली में खामियां और लापरवाही सामने आईं। मेयर ने कहा कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर जनता का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। कहा कि लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, न कि असुविधाएं। मेयर के निरीक्षण में यह बात सामने आई कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के 10,000 से ज्यादा आवेदन तहसील स्तर पर धूल फांक रहे हैं। लोग महीनों से कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनका काम नहीं हो रहा। पार्षद पंकज गोयल, सुमित शर्मा और अन्य ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की मनमानी के कारण जनता परेशान है। उन्होंने मांग की है कि विभाग में एक समर्पित पूछताछ काउंटर बनाया जाए ताकि लोगों को जानकारी के लिए भटकना न पड़े। पार्षदों का कहना था कि वर्तमान व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है और आम जनता को समय पर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। रिकॉर्ड रूम की खस्ताहालतकर्मचारियों ने कहा कि रिकॉर्ड रूम की स्थिति बहुत खराब है। सुझाव दिया कि जब तक रिकॉर्ड प्रबंधन का काम किसी निजी कंपनी (प्राइवेट एजेंसी) को नहीं सौंपा जाएगा, तब तक सुधार मुश्किल है।

# विपक्ष ने महिलाओं के साथ किया विश्वासघात: डॉ मंजू शिवाच

» संवाददाता

मेरठ। भारतीय जनता पार्टी जिला मेरठ के रजपुरा ब्लॉक के महाराणा प्रताप सभागार में, जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। संचालन जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ मंजू सेठी ने किया।सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पाल ने की।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता मोदीनगर, भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच और विशिष्ट अतिथि छवी शर्मा सदस्य क्षेत्रीय कार्य समिति महिला मोर्चा उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता डॉ मंजू शिवाच ने कहा विपक्ष के द्वारा संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का, विपक्ष द्वारा जो विरोध किया गया है। उसके परिणाम स्वरूप



महिला शक्ति अपने अधिकार से वंचित हो गई है। यह हमारे साथ विश्वास घात है। इसके कारण महिलाओं में कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, और डीएमके एवं अन्य विपक्षी पार्टियों के नेताओं के विरुद्ध नारी शक्ति में बहुत ही आक्रोश है। इस आरक्षण के समर्थन में, पूरे भारत की नारी शक्ति जन्म जागरण के द्वारा सभी राजनीतिक दलों को मजबूर कर देगी। कि वह उनका हक नहीं मार सकते। नारी शक्ति वंदन अभिनंदन अधिनियम अब लागू होकर ही रहेगा नहीं तो जो भी राजनीतिक दल के विरोध में रहेगा, नारी शक्ति उसको उखाड़ फेंकने का काम करेगी। विपक्ष का यह कृत्य महिला अधिकारो के प्रति घोर अन्याय है। देश भर की महिलाओं के मन में सभी विपक्षी पार्टियों के प्रति गहरा आक्रोश है। जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह पाल ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित होकर कानून बना। पूरे देश की महिलाओं ने उत्सव के रूप में सरकार का अभिनंदन किया। इस अधिनियम को 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभा में लागू करने के लिए लाया गया था। जिसका भारी विरोध सभी विपक्षी पार्टियों ने किया, यह महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय है।

## स्पार्टन एफसी की शानदार जीत के हीरो बने अक्षय त्यागी

» संवाददाता

मेरठ। आईआईएमटी में मेरठ प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में सोमवार को खेले गए मुकाबले में इंटर मेरठ और स्पार्टन एफसी के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। हालांकि आखिर में स्पार्टन एफसी ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर इंटर मेरठ को 3-0 से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। स्पार्टन एफसी की जीत में अक्षय त्यागी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए दो महत्वपूर्ण गोल दागे, जो मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विरेंद्र सिंह पटियाल मौजूद रहे।



## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

» एजेंसी। फरीदाबाद

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सराय ख्वाजा टोल से सैकड़ों वाहनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के युवा और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा बाजारों से होते हुए तिलपत स्थित बाबा सूरदास मंदिर पहुंची, जहां विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर्षवर्धन, हरियाणा सरकार के मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नागर, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी और सीमा त्रिखा सहित कई प्रमुख हस्तियों का स्वागत और सम्मान किया गया। विपुल गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुष किसी एक समाज तक सीमित नहीं होते, बल्कि पूरे समाज के होते हैं। उन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वहीं हर्षवर्धन ने अपने संबोधन में फरीदाबाद से जुड़े अपने पुराने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## आईसीबी एफआरडीबीडी की टीम छ विकेट से जीती

» एजेंसी। फरीदाबाद

स्पोर्ट्स स्विंग क्रिकेट गाउंड पर सोमवार को खेले गए मुकाबले में आईसीबी एफआरडीबीडी ने रॉयल स्टार फरीदाबाद को छ विकेट से हरा दिया। टी-20 मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल स्टार ने 192 रन बनाए। रॉयल स्टार के शाहिद लेफ्टी ने 46 और पृथ्वी शर्मा ने 24 रन बनाए। आईसीबी के आरिफ और पृथ्वी शर्मा को केवल एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए आईसीबी ने 15.3 ओवर में ही आसानी से जीत हासिल कर ली। आईसीबी के आरिफ ने 53 और शकील ने 49 रनों का योगदान दिया। रॉयल स्टार के मोहम्मद जैद ने तीन और मौलाना फारुख व रोबिन को दो-दो विकेट मिले।

## में रॉयल अकादमी की एक विकेट से जीत

» एजेंसी। गुरुग्राम

सुशांत यूनिवर्सिटी के मैदान पर रविवार को अंडर-16 क्रिकेट मैच में रॉयल क्रिकेट अकादमी ने अंसल क्रिकेट अकादमी को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हरा दिया। 40 ओवर के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अंसल अकादमी ने 4 विकेट पर 291 रन का बड़ा स्कोर बनाया। अंसल की ओर से अनुभव ने शानदार नाबाद 131 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि सिद्धांत ने नाबाद 42 रन बनाए। गेंदबाजी में संतोष ने 2 विकेट हासिल किए।

# जिला उपायुक्त ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

## पेयजल, सीसीटीवी, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन व जैमर सहित व्यवस्थाओं का लिया जायजा

» एजेंसी। फरीदाबाद

हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकुला द्वारा 26 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाने वाली एचसीएस एवं अन्य अलाइड सर्विसेज प्रीलिम्स परीक्षा-2025 के सफल, शांतिपूर्ण एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त आयुष सिन्हा ने शनिवार को सेक्टर 9 स्थित सैंट एंटोनी कान्वेंट स्कूल एवं डीसी मॉडल स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आयुष सिन्हा ने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा से पूर्व सभी उपकरणों एवं व्यवस्थाओं की पुनः जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा का आयोजन पूर्णतः स्मूथ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में कराया जाएगा। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अथवा कोताही किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यदि कोई भी कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में चूक करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। साथ ही, परीक्षा केन्द्रों के आसपास धारा-163 सहित लागू नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। प्रत्येक केन्द्र पर निरीक्षण दल एवं उडनदस्तों की तैनाती की गई है, जो परीक्षा के दौरान सतत निगरानी बनाए रखेंगे। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे परीक्षा केन्द्र पर समय से पूर्व पहुंचें, अपने साथ आवश्यक दस्तावेज अवश्य लाएं तथा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# गुरुग्राम की धरती पर एक लाख लोगों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का बना विश्व रिकॉर्ड

» एजेंसी। गुरुग्राम

गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम की धरती से एक लाख लोगों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का विश्व रिकॉर्ड बना। यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रविवार की देर रात एक समारोह में यह पाठ किया गया। इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी रही। इस अवसर पर भव्य ड्रोन शो भी आयोजित किया गया।




यहां सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान में डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एडब्ल्यूपीएल की ओर से आयोजित विजय पर्व समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि रहे। एडब्ल्यूपीएल के विजय पर्व में एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ एक लाख से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। यह पाठ पूर्ण होने के साथ ही हनुमान चालीसा गायन का विश्व रिकॉर्ड बन गया। एक लाख से अधिक लोगों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के विश्व रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन की टीम को आमंत्रित किया गया था। हनुमान चालीसा पाठ पूर्ण होने के साथ ही टीम ने मौके पर ही दोनों मुख्यमंत्रियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपा।

इस समारोह में देर रात ड्रोन शो भी आयोजित किया गया, जिसके जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चित्र आकाश में बनाए गए। एडब्ल्यूपीएल के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया।

## अभाविप ने छात्र संघ चुनाव बहाल कीं मांग के लिए सौंपा ज्ञापन

» एजेंसी। बल्लभगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं ने छात्र संघ चुनाव बहाल की मांग की है। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी कॉलेज कैंपस व विश्वविद्यालय परिसरों में व्यापक स्तर पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन के माध्यम से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाई और छात्र हितों की अनदेखी पर चिंता जताई। विभाग संयोजक दीपक भारद्वाज ने कहा कि छात्र संघ चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। जिससे छात्रों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिलता है। चुनावों के माध्यम से छात्रों की समस्याएं प्रभावी तरीके से उठाई जाती हैं और उनका समाधान संभव होता है। लंबे समय से चुनाव न होने के कारण छात्र हित प्रभावित हो रहे हैं। प्रांत सह संयोजक युधिष्ठिर ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए गए, तो परिषद व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# वास्तविक पढ़ाई केवल कक्षाओं की चारदीवारी तक सीमित नहीं: कार्तिकेय शर्मा

» एजेंसी। गुरुग्राम

गुड़गांव प्रोग्रेसिव स्कूल्स काउंसिल 24 (जीपीएससी) का वार्षिक सम्मेलन सीबीएसई सहोदय के तत्वावधान में यहां एक होटल में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चेतना, उद्देश्यपूर्ण शिक्षण और समग्र विकास के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा की नई परिकल्पना करना था। इसमें सांसद, शिक्षा पद्धति से जुड़े अधिकारियों ने अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित शुभारंभ किया। गुड़गांव प्रोग्रेसिव स्कूल्स काउंसिल जीपीएससी की अध्यक्षा अलका सिंह, सनसिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निदेशक रूपा चक्रवर्ती ने अतिथियों का अभिनंदन किया। स्कूल के गायन समूह द्वारा गुड़गांव सहोदय गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जीपीएससी सहोदय ईयर बुक चैतन्य-2 का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने अपने संबोधन में इस बात पर बल दिया कि वास्तविक पढ़ाई केवल कक्षाओं की चारदीवारी तक सीमित नहीं है। उन्होंने भारत की समृद्ध दार्शनिक विरासत का उल्लेख करते हुए अंतश्चक्षु (आंतरिक दृष्टि) और अपनी अंतरात्मा से जुड़ने के महत्व को समझाया। उन्होंने रटंत प्रणाली के स्थान पर मूल्य-आधारित और बहु-विषयक शिक्षा की वकालत की तथा अपनी वैश्विक क्विज पहल हू कम्स फस्ट से परिचय कराया। जीपीएससी की अध्यक्षा अलका सिंह ने कहा कि चैतन्य अर्थात शिक्षा के क्षेत्र में चेतना के जागरण के मूल दर्शन को रेखांकित किया। विशेषज्ञ सत्र और तकनीकी विमर्श में सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने मूल्यांकन से उत्थान की ओर सत्र में मूल्यांकन प्रक्रियाओं में दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली की सराहना की। डॉ. अमीता मुल्ला वट्टल ने सचेत शिक्षा के दर्शन पर चर्चा करते हुए यांत्रिक शिक्षण से ऊपर उठने की आवश्यकता बताई।

## घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटा

» एजेंसी। गुरुग्राम

पुलिस थाना सेक्टर-56 के अंतर्गत सेक्टर-57 में एक परिवार के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अपने साथ हुई घटना की शिकायत उन्हें डायल 112 पर दी, लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ की केस दर्ज कर लिया। उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई ही नहीं की गई। उन्होंने शनिवार को कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह और पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर पीड़ित पक्ष ने मारपीट करने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अनिल पुत्र सतपाल निवासी सेक्टर-57 गुरुग्राम ने शिकायत में कहा है कि बीती 21 अप्रैल 2026 को शाम करीब साढ़ेक छह बजे घाटा गांव निवासी रामकुमार पुत्र दुलीचंद, राकेश पुत्र रामकुमार, आकाश, रणजीत, भाविक, रामकिशन, सुनील, सौरभ, सुंदर, अंकित, अनुराग, गुलशन, रोहताश उनके घर में जबरन घुसे। उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों द्वारा घर में तोड़-फोड़ भी की गई। उसे काफी चोटें आई। उसे उपचार के लिए बादशाहपुर के कमाल अस्पताल में दाखिल कराया गया।

# नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती : प्रतीक अग्रवाल

» एजेंसी। फरीदाबाद

ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को मजबूत करना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने सोमवार को थाना छांयसा क्षेत्र के 25 गांवों के सरपंचों व पंचों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ ने उपस्थित सरपंचों एवं गणमान्य व्यक्तियों से सीधा संवाद स्थापित किया तथा कहा कि गांवों में कानून व्यवस्था स्थापित करने एवं अपराध पर अंकुश लगाने में पुलिस विभाग का सहयोग करें। पुलिस प्रशासन हर संभव सहायता के लिये प्रतिबद्ध है। पुलिस उपायुक्त प्रतीक अग्रवाल ने बैठक में मौजूद लोगों को नशे के दुष्प्रभावों एवं बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिये एक गंभीर चुनौती है और इसको जड़ से समाप्त करने के लिये सामूहिक प्रयास की आवश्यकता हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने के लिये प्रेरित किया गया। वहीं, साइबर ठगी से बचाव के लिये भी लोगों को सतर्क व जागरूक रहने बारे जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध पर प्रहार करने का एक सटीक हथियार है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103(उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844